




**एक नजर में**

## उद्योगों के विस्तार हेतु कार्यशाला आज

**सारंगपुर 16 जुलाई, सं.** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की मध्य प्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम और इंडस्ट्री पार्टनर लघु उद्योग भारती द्वारा सारंगपुर में आज लघु उद्योग भारती के सहयोग से उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. कार्यशाला दोपहर 2 बजे मांगलिक परिसर वार्ड नंबर 7, सारंगपुर में होगी. जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के श्रीमती सीमा सोलंकी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं विस्तार के लिए कार्यशाला का आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष में किया जा रहा है. जिसके अंतर्गत राजगढ़ जिले के सारंगपुर में महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी. जानकारी लघु उद्योग भारती के मीडिया प्रभारी मयंक जैन ने दी.

## श्रद्धालुओं की सेवा में चल रहा भंडारा

**पड़ाना 15 जुलाई, सं.** बीते 15 वर्षों से नेशनल हाईवे मऊ से गुजरने वाले पदयात्रियों, साइकिल यात्रियों के लिए ग्राम मऊ में नागरिकों द्वारा जय बाबारी भंडारा परिसर में यात्रियों को खाने-पीने एवं रात्रि विश्राम की सुविधा प्रदान कराई जा रही है. कांवड़ यात्रियों, माँ वैष्णो देवी यात्री, अमरनाथ यात्री, रुणीजा यात्री, खाटू श्याम आदि धार्मिक स्थलों पर पैदल एवं साइकिल यात्रियों के लिए जय बाबारी भंडारा परिसर में खाने-पीने एवं रात्रि विश्राम की सुविधा है. विगत दिवस खंडवा जिले के भीमनगांव से वैष्णो देवी जा रहे 120 साइकल यात्रियों के लिए स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पूरी व्यवस्था की गई. इस मौके पर देवीसिंह, पवन पुष्पद, महेंद्र नागर, भारत नायक, प्रहलाद परमार, सिद्धनाथ मिस्त्री, प्रकाश नायक सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

## श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक



**सारंगपुर 16 जुलाई, सं.** वार्ड क्रमांक 2 स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ गौतम टेटवाल ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की. यह आयोजन श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण है. शिवभक्तों की भक्ति-भावना और सेवा ने इस आयोजन को अत्यंत प्रभावशाली और पुण्यदायी बना दिया. इस धार्मिक आयोजन के लिए मैं हृदय से साधुवाद ज्ञापित करता हूं.


**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

B.ed आवेदन प्रक्रिया 2025-26

तृतीय चरण कॉलेज कोड - 384

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 15/07/25 से 18/07/25 तक

दस्तावेज का ऑनलाईन सत्यापन 15/07/25 से 19/07/25

सीट आवंटन 23/07/25
हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट कराना 23/07/25 से 25/07/25 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना दिनांक 23/07/25 से 26/07/25

नोट प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कालेज कोड 384 का चयन करे.

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

Ad. NH-46 Bhopal By Pass Road Biaora, Rajgarh

26 जून से -26 जुलाई 2025


# ढाई हजार विद्यार्थियों को पढ़ाते हैं 11 प्रोफेसर

### जिले के महत्वपूर्ण जीरापुर शासकीय महाविद्यालय में पढ़ाने वालों का अकाल पड़ा, 30 रिक्त पदों के साथ कॉलेज

**शासकीय महाविद्यालय में 41 पद स्वीकृत लेकिन कार्यरत मात्र 11 सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारी**

**30 पद रिक्त जबकि 2515 विद्यार्थी अध्ययनरत**




**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 16 जुलाई, सं.** लगभग साढ़े तीन दशक पहले दिसम्बर सन् 1989 में शासकीय महाविद्यालय में बीए संकाय की शुरुआत नगर में हुई जहां नगर के पुराने कोर्ट भवन में शुभारंभ हुआ. इस कोर्ट भवन के कुछ कमरे में हायर सेकेंडरी स्कूल भी संचालित होता था यही पर कालेज का शुभारंभ हुआ था जो बाद में भण्ड़ावद रोड़ पर मुंदड़ा भवन में भी किराया पर संचालित हुआ. तदउपरांत गौ शाला के सामने छापीहेड़ा-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग के पश्चिम दिशा में जनभागीदारी से निर्माण हेतु 20 अगस्त 2000 को भूमि पूजन हुआ. जनभागीदारी से निर्मित शासकीय कालेज भवन का लोकार्पण दिनांक 15 मार्च 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं तत्कालीन विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा किया गया. इस दौरान तत्कालीन विधायक के प्रयास से जनभागीदारी समिति से जनसहयोग से कालेज भवन निर्माण किया गया था. बाद में चालीस लाख रुपए से भवन के ऊपरी हिस्से में पांच प्रयोगशाला एवं कमरे सहित अन्य कार्य किया गया. जहां पर धीरे-धीरे बीए संकाय के अलावा अन्य संकाय शुरू हुऐ एवं विद्यार्थियों की संख्या भी अत्यधिक हुई.

वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय में कमरों की संख्या पर्याप्त के साथ-साथ प्रयोगशाला, खेल मैदान की सुविधा उपलब्ध है. लेकिन जब सवाल विधार्थियों के भविष्य का आता है तो महाविद्यालय पर सवालिया निशान नजर आते हैं क्योंकि विद्यार्थियों को शैक्षणिक कार्य के लिए प्राध्यापक की संख्या नगण्य है.

### 41 पद स्वीकृत, नियुक्तियों का पता नहीं

जानकारी के मुताबिक महाविद्यालय में कुल 41 पद स्वीकृत है. इनमें प्राचार्य 01 पद सहायक प्राध्यापक 18 पद, कार्यालय कर्मचारी 05, प्रयोगशाला तकनीशियन 05, प्रयोगशाला परिचारक 05, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 06, क्रीड़ा अधिकारी 01 पद है. लेकिन शासकीय महाविद्यालय में वर्तमान में मात्र 11 अधिकारी कर्मचारी कार्यरत हैं. विडम्बना की बात है कि 30 पद रिक्त पड़े हुए हैं. ऐसे में कैसे होगा शैक्षणिक कार्य जिससे यह प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है. जबकि वर्तमान में 2515 विद्यार्थी कॉलेज में विभिन्न विषयों में अध्यनरत है. जहां पर बीए, बीएससी, एम ए अर्थशास्त्र, राजनीति विषय संचालित है. लेकिन प्राचार्य सहित सहायक प्राध्यापक एवं अन्य कर्मचारी का अभाव स्पष्ट सामने दिख रहा है.

### 36 सालों में कई बार खानाबदोश हुआ जीरापुर कॉलेज

करीब 36 वर्ष पूर्व जीरापुर में महाविद्यालय की नींव रखी गई. हालांकि कई भवनों में खानाबदोशी झेलने वाले इस महाविद्यालय को अपना स्वयं का भवन मिला. लेकिन उस भवन में संसाधन होने के बाद भी शिक्षकों का अभाव अभी तक है. व्याख्याताओं का ऐसा अकाल पड़ा कि अब तक उसे मिटाया नहीं जा सका है. अंचल में जिम्मेदारों को जैसे इससे कोई लेना देना नहीं है. अंचल में प्रतिभाओं की कमीं नहीं है लेकिन महाविद्यालय में पढ़ाने वालों की कमीं के कारण वे अन्यत्र स्थानों और महाविद्यालयों में पलायन कर जाते है. ऐसे में विद्वान व्याख्याओं की कमीं के कारण भी प्रतिभाएं उच्च शिक्षा के लिए पलायन कर रहीं है. वर्तमान प्रतिनिधियों का इस पर विचार करना चाहिए.

# बारिश में भी बेपटरी पेयजल सप्लाई

### 7 दिन में हो रही पेयजल सप्लाई



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 16 जुलाई, का. नगर में लम्बे समय से पेयजल सप्लाई व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है. अब जबकि बारिश का समय फिर भी पेयजल सप्लाई व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है. 7 दिन में पेयजल सप्लाई हो पा रही है.**

विदित है कि काफी समय से पेयजल सप्लाई व्यवस्था बेहाल है. गर्मी के दिनों में तो पेयजल सप्लाई का अंतराल काफी बढ़ गया था. ठंड और बारिश में तो पेयजल सप्लाई का अंतराल कम होना चाहिए किंतु बारिश में भी पेयजल सप्लाई कई दिनों में हो पा रही है.

जानकारी के अनुसार 15 जुलाई को मेन मार्केट, रामलला मार्ग, भंवरगंज क्षेत्र में पेयजल सप्लाई हुई इसके पूर्व यहां 9 जुलाई को सप्लाई हुई थी. जबकि 16 जुलाई को राजगढ़ रोड पर पेयजल सप्लाई होना थी परन्तु आज सप्लाई नहीं हो सकी.

### बिजली नहीं मिलने से सप्लाई प्रभावित

पेयजल सप्लाई प्रबंधन के अनुसार पर्याप्त मात्रा सुचारु रुप से बिजली नहीं मिलने से पेयजल सप्लाई प्रभावित हो रही है. कुशलपुरा डेम, घोड़ा पछाड़ नदी क्षेत्र तथा स्थानीय वाटर वर्क्स पर कई घंटो की बिजली कटौती नहीं होने तथा सप्लाई के समय संबंधित क्षेत्र में बिजली गुल होने से पेयजल सप्लाई प्रभावित हो रही है. बिजली सप्लाई सुचारु मिलती है तो पेयजल सप्लाई में काफी सुधार हो सकेगा. बुधवार को भी कुशलपुरा डेम एवं घोड़ापछाड़ नदी स्थित जलालपुरा फिल्टर प्लांट पर करीब चार घंटे बिजली गुल होने से नगर में पेयजल सप्लाई नहीं हो सकी. इससे सप्लाई का अंतराल और बढ़ गया.



# नपाध्यक्ष ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 16 जुलाई, सं. शहर की नगरपालिका परिषद के कायाकल्प, अमृत टू, मुख्यमंत्री अधोसंरचना जैसे निर्माण कार्यों ने एक बार फिर रफ्तार पकड़कर नगर के वार्डों की दशा बदलने का काम किया शुरू कर दिया है.**

कायाकल्प अभियान के दूसरे चरण में भी सडक़ों के निर्माण एवं पुर्ननिर्माण का काम प्रारंभ हो चुका है. शहर के वार्ड क्रमांक 18 के जयनगर की सडक़ भी अब सीसी रोड में तब्दील हो रही है. जिसे लेकर नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने सभापति राकेश पुष्पद, गोपाल पाल, बाबू अहिरवार, अमित गिरजे, स्वच्छता शाखा प्रभारी सतीश कंडारे के साथ निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया. वही कई स्थानों पर जलभराव की समस्या पर नपाध्यक्ष ने जल्द ही मुरमीकरण कार्य प्रारंभ करने की बात वार्डवासियों से कही है. मौके पर पहुंचे नगर पालिका जनप्रतिनिधि ने ठेकेदार को गुणवत्तापूर्वक कार्य करने की सख्त हिदायत के साथ गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए है.

जयनगर का यह मार्ग काफी जीर्णशीर्ण हो गया था. नपाध्यक्ष ने कहा कि हम नगर के समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत है. वार्डो में विकास कार्य को लेकर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है, जिन वार्डो में कार्य की जैसी जरूरत होती है, वैसे ही कार्य किए जा रहे है. इस दौरान पूर्व मंडल महामंत्री रमेश लववंशी, इंजीनियर अरुण गौड़, राकेश सिसोदिया, गोकुल पुष्पद गौरव शर्मा, पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण लववंशी सहित वार्डवासी मौजूद थे.

शहर के विभिन्न वार्डो के निर्माण कार्य 2 साल पहले स्वीकृति टेंडर होने के बाद भी ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा रहा था. जिस पर नपाध्यक्ष ने ठेकेदारों को नोटिस जारी करने की कार्रवाई के साथ ब्लैक लिस्टेट करने की चेतावनी दी. कायाकल्प, अमृत टू, मुख्यमंत्री अधोसंरचना जैसे कार्य वार्ड 8 बजरंग कालोनी, वार्ड 9 में सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड 10, वार्ड 15 में धर्मशाला बावंड्री बाल, वार्ड 16 में धनगर समाज मोहल्ले की सड़क निर्माण, वार्ड 17 में आरसीसी सड़क निर्माण, वार्ड 18 में नाला निर्माण सहित वार्ड 2, 12, 13 के निर्माण कार्य शामिल है.

## कपिलेश्वर महादेव धाम पहुंचा जत्था

**पड़ाना 16 जुलाई, सं.** समीप ग्राम मऊ में 4 वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वाह करते हुए इस बार भी श्री राम जानकी महिला मित्र मंडल के तत्वाधान में श्रावण मास के प्रथम सोमवार एक जत्था सारंगपुर स्थित कपिलेश्वर महादेव मंदिर धाम पहुंचा. जलाभिषेक कर क्षेत्र व गांव में सुख समृद्धि की कामना की.

# मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा नशा मुक्ति जन जागृति अभियान आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**कुरावर 16 जुलाई, सं.** बुधवार को थाना प्रभारी संगीता शर्मा ने साइज हायर सेकंडरी विद्यालय में नशा मुक्ति जन जागृति अभियान का आयोजन किया.
उन्होंने स्कूली छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा हमारे जीवन को नष्ट करता है, इससे दूर रहकर ही हम एक सफल, स्वस्थ और उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं. उन्होंने अपील की कि वे स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और समाज को भी नशे से दूर रखने का संकल्प लें. थाना प्रभारी ने एलसीडी के माध्यम से बच्चों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों का लाइव टेलीकास्ट भी दिखाया, जिससे छात्र जागरूक हो सकें. इस कार्यक्रम में उनके साथ उप निरीक्षक लोकेंद्र सिंह मरावी, मुकेश मीणा, और विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे. कार्यक्रम के अंत में सैकड़ों छात्रों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु स्वयं और अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया.

# स्पीड ब्रेकर पर भ्रमित हो रहे वाहन चालक, दुर्घटना का डर

### थर्मोप्लास्टिक पेंट नहीं होने से नजर नहीं आते स्पीड ब्रेकर

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 16 जुलाई, का.** नगर के मुख्य मार्गो पर वाहनों की गति को लिमिट में करने स्पीड ब्रेकर तो बना दिए गये किंतु इन पर थर्मोप्लास्टिक पेंट या किसी अन्य प्रकार से संकेतक नहीं होने से यह नजर नहीं आते है. वाहन चालक भ्रमित होकर इन स्पीड ब्रेकर पर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है.

विदित है कि राजगढ़ रोड पर शासकीय कॉलेज के दोनों गेट के सामने, श्रीराधाकृष्ण मंदिर के समीप, सब्जी मंडी के यहां, सुठालिया रोड, पुराना तहसील रोड जूना ब्यावरा सहित मुख्य मार्गो पर वाहनों की गति को धीमा करने संबंधित विभाग द्वारा स्पीड ब्रेकर तो बना दिए गये किंतु इन पर थर्मोप्लास्टिक पेंट या फिर अन्य संकेतक के तौर पर पट्टी आदि नहीं लगाने से डामर के कलर के ही स्पीड ब्रेकर होने से एक नजर यह दिखाई नहीं पड़ते है जिससे वाहन चालक भ्रमित हो जाते है.



**एकाएक ब्रेक लगाना पड़ता है**

समीप आने पर वाहन चालको को स्पीड ब्रेकर दिखाई देने पर एकाएक वह ब्रेक लगा देते है जिससे कई बार वाहन का संतुलन बिगड़ने से वह दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है.

---

जल्द ही स्पीड ब्रेकर पर थर्मोप्लास्टिक पेंट करवाकर इन्हें सुरक्षित किया जाएगा.

**पीएन धनवाल**
**प्रभारी एसडीओ, पीडब्ल्यूडी विभाग ब्यावरा**

### कई वाहन हो चुके है दुर्घटनाग्रस्त

स्पीड ब्रेकर के समीप आने पर यह दिखाई देते है वैसे ही वाहन चालक ब्रेक लगाते है तो वाहन का संतुलन बिगड़ जाता है इससे कई दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर कुछ लोगों को चोट तक आई है. यदि स्पीड ब्रेकर पर सफेद कलर, संकेतक के रुप में पट्टी बना दी जाये तो यह दूर से ही वाहन चालको को नजर आएंगे जिससे दुर्घटना का डर नहीं रहेगा.



# पशुपतिनाथ मंदिर में स्वचलित आरती यंत्र भेंट किया

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 16 जुलाई, सं.** पुराना दशहरा मैदान स्थित पशुपति नाथ मंदिर में प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ गौतम टेटवाल की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा गौतम टेटवाल द्वारा स्वचालित आरती यंत्र भेंट किया गया. जिसके पश्चात अनेक श्रद्धालुओं द्वारा बाबा भोलेनाथ की यंत्र की ध्वनि सहित महाआरती की गई. इस अवसर पर परिवार सहित, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती भावना नीलेश वर्मा, पशुपतिनाथ भजन मंडली की अध्यक्ष श्रीमती काजल व्यास, पर्यावरण प्रेमी दल के सभी कार्यकर्ता एवम नगर के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.






**अनदेखी** — मऊ में मुनादी के बाद नागरिकों ने निर्माण हटाए, लेकिन पड़ाना में अनदेखी

# पड़ाना के बाजार से अतिक्रमण हटाए बिना ही सड़क निर्माण किया चालू



**नवभारत न्यूज**
**पड़ाना 16 जुलाई, सं. लोक निर्माण विभाग के द्वारा महत्वपूर्ण सड़क मार्गो में शामिल और राजधानी भोपाल और शाजापुर सारंगपुर से जोड़ने वाले मऊ-तलेन मार्ग का निर्माण करवाया जा रहा है.** 5 मीटर की जगह पर अब 7 मीटर चौड़ा और सुव्यवस्थित मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें पूर्व से इस मार्ग पर आबादी क्षेत्र में अतिक्रमण पसरा हुआ है. इस एकांकी सड़क मार्ग में 600 मीटर के दायरे सदर बाजार स्थित है. जहां दुकानदारों द्वारा आधी-आधी सड़क पर दुकानदारों ने कब्जा जमा रखा है. जिसके कारण स्थिति यह है कि सदर बाजार का अतिक्रमण हटाया जाना अति आवश्यक है क्योंकि एक बड़ा और छोटा वाहन भी एक साथ क्रॉस होने में दिक्कते आती है रहवासियों ने ओटले और चतुबरे बनाकर पक्का कब्जा कर लिया है. जिसके कारण आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है. यह मार्ग सारंगपुर को राजधानी भोपाल से जोड़ने के लिए सबसे कम दूरी का सुगम मार्ग है इसलिए यह चौड़ा मार्ग होना अत्यंत आवश्यक है.

अतिक्रमण हटाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने एसडीएम से मांग कि थी, जिसके बाद एसडीएम सारंगपुर रोहित बम्होरे अतिक्रमण मुक्त मार्ग के लिए कार्रवाई शुरु करने के लिऐ निरीक्षण किया था लेकीन प्रशासन ने आज तक कोई कार्यवाही नहीं की. पिछले दिनो एसडीएम रोहित बम्होरे, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ दीपक कुमार के साथ राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग की टीम ने सड़क का निरीक्षण कर चुके है. एसडीएम ने तलेन रोड, पड़ाना के मगराना चौराहा से सदर बाजार, गांधी चौक, बस स्टैंड, पीपली चौराहा के साथ बायपास का निरीक्षण करते हुए ग्राम पंचायत भवन पहुंचे थे. जहां उन्होंने अतिक्रमण की जानकारी ली थी.

बाजार में रहने वाले कई दुकानदारों ने कहा कि रोज-रोज जाम लग जाने से हम आसपास के रहवासी सहित स्कूली वाहन सहित इंदौर उज्जैन नलखेड़ा शाजापुर सारंगपुर शुजालपुर भोपाल इत्यादि जगह आने जाने वाली यात्री बस सहित दो पहिया वाहन चार पहिया वाहन ट्रैक्टर ट्राली किसानों के मवेशी का इस एकांकी मार्ग से आना जाना लगा रहता है जिससे आमजन परेशान है. यहां पर जाम के कारण कई बार वाद-विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है. इसलिए जरुरी है कि अतिक्रमण को पंचायत और प्रशासन हटवाए.

पिछले दिनो हमने मऊ का निरीक्षण किया था वह लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण को हटा रहे हैं. पड़ाना बाजार का अतिक्रमण सम्बन्धी सर्वे कर प्रशासनिक कार्यवाही की जावेगी.

**रोहित बम्होरे, एसडीएम, सारंगपुर**

पड़ाना बाजार में जहां जगह उपलब्ध हैं वहा निर्माण कार्य चालू किया गया है. अतिक्रमण संबंधी निर्णय राजस्व विभाग द्वारा लिया जाएगा.

**दीपक कुमार ई ई लोक निर्माण विभाग राजगढ़**